तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार 2 जनवरी 2024

[ राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका ]







## खबर संक्षेप

### राजिम नगर में विधायक रोहित की आभार रैली आज



**राजिम।** राजिम विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक रोहित साहू मंगलवार को नगर में आभार रैली में शामिल होंगे। आभार रैली के पूर्व दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक राजिम के प्रेमरतन पैलेस में गरियाबंद जिले के दोनों विधानसभा राजिम एवं बिंद्रानवागढ़ के कार्यकर्ताओं की बैठक होगी। भोजन उपरांत दोपहर तीन बजे से नगर में आभार रैली होगी। रैली में विधायक रोहित साहू के साथ समस्त कार्यकर्ता व नगरवासी शामिल होंगे। आभार रैली राजिम भक्तिन माता चौक पथर्रा मोड़ से शुरू होगी जो महामाया मंदिर, प्राचीन श्रीराम मंदिर, राजीव लोचन मंदिर होते हुए पटेल पारा, गायत्री मंदिर, बस स्टैंड, नवाडीह पथर्रा में आमजनों का आभार करेंगे। उक्त जानकारी राजिम भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा ने देते हुए सभी कार्यकर्ताओं से रैली व बैठक में शामिल होने का आग्रह किया है।

### जंगल में मृत मिले भालू का वन विभाग ने किया अंतिम संस्कार



**मैनपुर।** गरियबांद वनमंडल अंतर्गत उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व से लगे वन परिक्षेत्र देवभोग अंतर्गत 31 दिसम्बर को एक जंगली भालू जंगल में मृत हालत में मिला। जिसकी जानकारी ग्रामीणों के माध्यम से वन विभाग को लगने के बाद मौके पर पहुंचकर मृत भालू का पंचनामा कर पोस्टमार्डम के बाद दह संस्कार किया गया। मिली जानकारी के अनुसार वन परिक्षेत्र देवभोग सरईपानी जंगल में मृत अवस्था में एक नर भालू मिला। जिसकी जानकरी लगते ही वन विभाग मैनपुर के एसडीओं राजेन्द्र सोरी एंव वन परिक्षेत्र अधिकारी छबीलाल ध्रुव मौके पर पहुंचे और पंचनामा कर पोस्टमार्डम के बाद नर भालू का दहसंस्कार किया। वन विभाग के परिक्षेत्र अधिकारी छबीलाल ध्रुव ने बताया कि नर भालू उम्र दराज हो गया था और यह उसकी स्वभाविक मौत है।

### प्रतिभाओं के धनी थे राजा महेन्द्र बहादूर सिंहः रफीक



**फिंगेश्वर।** 31 दिसम्बर को नगर के स्व. राजा महेन्द्र बहादूर के जन्म जयंती के अवसर पर ''एक शाम महेंद्र बहादुर के नाम'' आयोजित हुआ। जिसमे पुष्पांजलि भजन संध्या एकता चौंक सहाड़ा देव सामुदायिक रंगमंच फिंगेश्वर में संपन्न हुआ। इस दौरान रफीक वारसी ने कहा स्व.राजा महेंद्र बहादुर सिंह एक महान व्यक्तित्व के धनी थे। इसके साथ ही वे अनेक प्रतिभाओं के धनी थे। जब भी राजा साहब से मिलने का अवसर मिलता वह हमेशा सहजता के साथ मिलते हुए सामने वाले के दिल जीत लेते थे। राजा साहब संगीत के अलावा पेंटिंग, चित्रकारी, तबला वादन, हारमोनियम, बांसुरी, बालीबाल, फुटबॉल,कैरम,बैडमिंटन हांकी जैसे अनगिनत क्षेत्रें में अच्छी खासी पकड़ थी। इस दौरान मन्नू चौबे, असीम श्याम हरित, विकास यदु, बिसम्बर निषाद, पिन्टू श्रीवास उपस्थित थे।

### नए साल के पहले दिन मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु, हर-हर महादेव व जय श्री राम की होती रही गूंज

# परिवार सहित दर्शन के लिए मंदिरों में पहुंचे श्रद्धालु जतमई और घटारानी में दर्शन कर आशीर्वाद लिया

गोरेलाल सिन्हा ▶▶| गरियाबंद

नए वर्ष 2024 के पहले दिन सोमवार को गरियाबंद जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पर हजारों की संख्या में सैलानी पहुंचे हुए थे। नए साल का उत्साह उमंग सैलानियों के चेहरे पर साफ दिख रहा था। बड़े संख्या में लोग यहां पिकनिक मनाने भी पहुंचे हुए थे। यहां आए सैलानी नए साल को जमकर इंजॉय किया वहीं अधिकांश लोग देवी - देवताओं के आशीर्वाद लेने मंदिरों में जाकर मत्था टेका। श्रद्धालुओं ने विशेष कर माता जतमई और घटारानी मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इसी तरह पर्यटकों के दिलों दिमाग पर चिंगरा पगार वाटर फॉल की खूबसूरती सर चढ़कर बोल रही है। दूरस्त इलाकों से पर्यटक यहां सैर सपाटा करने विगत कुछ वर्षों से आ रहे हैं। लिहाजा नए वर्ष 2024 के पहले दिन सोमवार को आए सैलानियों ने भारी उत्साह से जश्न मनाया। नए साल को परिवार के साथ जतमई माता के दर्शन करने आए भिलाई के सैलानी वंदना सोनी ने हरिभूमि से चर्चा में बताया कि माता जतमाई के दर्शन करने पूरे परिवार के साथ आए हुए हैं माता के दर्शन करने पश्चात उन्हें अच्छी अनुभूति हुई है। दुर्ग से आए सैलानी सुखराम दानी ने कहा कि नए साल उनके जीवन में खुशहाल हो इसके लिए उन्होंने माता से आशीर्वाद लिए हैं इसके साथ ही उनका परिवार यहां पिकनिक का आनंद भी ले रहे हैं। भिलाई से माता घटारानी के दर्शन के लिए आए चंदन शर्मा ने कहा कि यहां का नजारा बहुत ही सुंदर और रमणीय है, यहां आने के बाद सभी थकान मिट गया है। गरियाबंद के विश्वप्रसिद्ध विशाल शिवलिंग भूतेश्वर महादेव के दर्शन करने सुबह से परिसर में भीड़ देखने को मिली।

### रास्ता है खराब....

जतमई जानें वाला मार्ग की हालत बेहद खराब है,जिसके चलते इस मार्ग पर चलने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पाण्डुका से मुड़ागांव तक टू लाइन पक्की सड़क मार्ग का काम बेहद धीमी गति से चल रहा है। ठेकेदार की लापरवाही का खामयाजा यहां आने वाले पर्यटकों को भुगतना पड़ रहा है।



### पर्यटन क्षेत्र चोर गिरोह सक्रिय...

कहने को गरियाबंद के पर्यटन क्षेत्र में पुलिस जवानों की तैनाती किया गया है लेकिन सुस्त पुलिस का फायदा चोर गिरोह उठा रहे हैं। पर्यटन स्थल पर चोरी की घटना भी सामने आई है। नए साल पर माता जतमई के दर्शन करने सोमवार को रायपुर मोवा से आए भूपेंद्र राय अपने परिवार के साथ यहां आए हुए थे,इन्होंने जतमई परिसर में माता को भेंट करने श्रीफल सहित अन्य सामग्री लेकर माता के दर्शन करने नीचे की ओर चलने लगे तभी किसी अज्ञात चोर ने भूपेंद्र राय के पत्नी की बटुआ (पर्स) उड़ा दिए। इसकी सूचना उन्होंने मौजूद पुलिस जवान और मंदिर समिति को दिया। मंदिर में लगे सीसी टीवी कैमरे भी शो -पीस बन कर रहा गया है। मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरा बंद पड़े हुए हैं। यह तब पता चला जब चोरी की घटना होने पर राय दंपति मंदिर के सीसीटीवी फुटेज देखने पहुंचे। इस संबंध में मोवा रायपुर के भूपेंद्र राय ने बताया की उनके पर्स में लगभग 3 हजार रूपए नकद राशि और जरूरी आइडेंटी कार्ड और एटीएम कार्ड था जिसकी चोरी हो गई।

## श्री राजीव लोचन व कुलेश्वरनाथ महादेव के दर्शन के लिए पहुंचे हजारों श्रद्धालु, दर्शनार्थियों की रही बेकाबू भीड़

**राजिम।** नए साल 2024 के पहले दिन सोमवार को राजिम में भगवान श्री राजीव लोचन और भोलेबाबा श्री कुलेश्वरनाथ महादेव के दर्शन और पूजा के लिए दोनों मंदिरो में हजारों श्रद्धालु तड़के 4 बजे से लेकर आधी रात तक पहुंचते रहे। श्रद्धालुजन पूजा करते हुए अपने परिवार की खुशहाली, सुख-समृद्धि के लिए कामना किए। इस दौरान श्रद्धालुओं को अपने क्रम का इंतजार करना पड़ा क्योंकि भीड़ बहुत अधिक थी। इन श्रद्धालुओं में गरियाबंद, रायपुर, धमतरी जिले के अलावा महासमुंद, बलौदाबाजार, दुर्ग, राजनांदगांव, बेमेतरा और बालोद जिले के



गांवो से पहुंचे भक्त शामिल थे। नदी के बीच रेलमपेल का माहोल था। एक तरफ श्री राजीव लोचन मंदिर से श्रद्धालु नदी में पैदल चलते हुए कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर पहुंच रहे थे तो दूसरी ओर कुलेश्वर महादेव मंदिर से श्री राजीव लोचन मंदिर की ओर श्रद्धालुओं की भीड़ जा रही थी। दोनों प्रमुख मंदिरो में दर्शन के बाद नदी के लंबे चौड़े हिस्से में रेत के बीच बैठकर पिकनिक का आनंद लेते हुए लोग नए साल का जश्न मना रहे थे। सोमवार की सुबह नया साल 2024 के आगमन पर राजिम के त्रिवेणी संगम एवं मंदिरों के बीच पहला सूर्य किरण की लालिमा देखते ही बन रही थी। ऐसा लग रहा था मानो सूर्य की किरण बिल्कुल नए अंदाज में दिख रहा हो। नए वर्ष की शुरूआत के अवसर पर समूचे अंचल में उत्साह और उमंग का माहौल देखा गया।

### आतिशबाजी कर नववर्ष का किया स्वागत

राजिम के अलावा दूर-दूर से आने वाले पर्यटक अपने ईष्ट मित्रों, परिजनों के साथ क्षेत्र के पर्यटन स्थल जतमई, घटारानी, चंपारण के चम्पेश्वर महादेव मंदिर में पहुंचकर पूजा-पाठ किए। लोमष ऋषि आश्रम के पास नदी की रेत में बैठकर लोगों को सपरिवार-मित्रों के साथ भोजन का आनंद लेते देखा गया। वैसे भी 31 दिसंबर की रात से लेकर 1 जनवरी की रात तक लोग तरह-तरह के अंदाज में इंजॉय करते घूमते रहे। राजिम और नवापारा शहर में रात 12 बजते ही आतिशबाजी कर नव वर्ष का स्वागत नाचते-गाते युवाओं ने किया है। नए साल के जश्न में डूबे लोगों को क्षेत्र के हर पिकनिक स्पॉट पर देखा गया है। 31 दिसंबर की देर शाम से ही लोग अपने करीबियों और दोस्तों को नए साल की बधाई सोशल मिडिया के माध्यम से बधाई दी।

## सिलेंडर लीक होने से लगी आग, महिला झुलसी, मौत

हरिभूमि.न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

नये साल 2024 मे दो अलग अलग घटनाओं मे एक महिला की गैस सिलेंडर की आग से पाइप लिकेज होने पर जहा महिला की मौत हो गई। वहीं पर 1 युवक ने अपनी जिदंगी से थकर फांसी के फंदे से झूलकर आत्महत्या कर ली।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम फिंगेश्वर विकासखंड के ग्राम रजकट्टी मे तड़के सुबह 4 बजे ग्राम की महिला लता बाई विश्कर्मा पति स्व.जनकराम विश्वकर्मा प्रतिदिन के भांति अपने बच्चों के लिए खाना बनाने के लिए जैसे ही घर में रखे गैस चुल्हे मे आग लगाई वैसे ही वह आग भभक गई। जिसके चलते लता विश्वकर्मा बुरी तरह से घायल होकर फर्श गिर गई और आग से झुलसने से उसकी मौत हो गई। इस घटना की जानकारी तब हुई जब उनके बच्चे जो दूसरे कमरे मे सोये हुए थे और उठकर जब कीचन वाले रूम मे गये तो देखा कि उसकी मां आग मे झुलसी हुई पड़ी हुई थी।घटना की सूचना फिंगेश्वर थाना मे थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार विजयवार को हुई तो वे घटना स्थल पहुंचकर मामले की जांच एवं विवेचना की। शव को पीएम के लिए फिंगेश्वर चीरघर भिजवाया। पीएम के बाद शव को परिजनो के हवाले किया। बताया गया कि मृतिका घर मे सुबह जल्दी उठकर अपने बच्चों के लिए भोजन तैयार कर समीप ही जाम बाड़ी मे काम करने जाती थी लेकिन 1 जनवरी 2024 को यह घटना घटित हो गई। घटना को लेकर फिंगे"वर पुलिस थाना से थाना प्रभारी जितेन्द्र विजयवार के साथ–साथ प्रधान आरक्षक दिलीप सिन्हा, एएसआई खुमान महिलांग, आरक्षक रोशन साहू, महिला आरक्षक लक्ष्मी धुरव भी घटना स्थल पहुंचे थे।

इसी प्रकार अंचल के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबाकुटी के जंगल 1 जनवरी सोमवार को ही ग्राम चैतरा निवासी परदेशी राम यादव पिता होरीलाल यादव उम्र 25 वर्श ने कोसम पेड़ मे अपने सफेद गमछे से फांसी लगाकर कर आत्महत्या कर ली।बताया गया है कि मृत युवक को सुबह 9–10 बजे लोगो ने गांव मे ही देखा था।वह कब गांव से निकलकर जंगल चला गया और फांसी लगा ली किसी को पता नहीं चला।

## नए कानून के विरोध में चालकों ने गाड़ी खड़ी कर की हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

सोमवार को रायपुर-राजिम,रायपुर के बीच चलने वाली महानगरीय बस सेवा बंद रहा। मिनी बस सेवा बंद रहने से यात्रियो को परेशानियो का सामना करना पड़ा। महानगरीय बस युनियन ड्राइवर संघ के अध्यक्ष गोलू यादव ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा अभी जो नया कानून बनाया गया है उसमें घटना-दुर्घटना होने पर ड्राइवरो के लिए जो सजा और जुर्माना की राशि निर्धारित की गई है। उसके



विरोध में संघ के सभी ड्राइवरो ने गाड़ी खड़ी कर धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर हुए। बताया कि ड्राइवर गाड़ी चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषन करते है,गरीबी में जीवन बिताते है और यदि घटना-दुर्घटना हो गई तो इतनी बड़ी राशि वे कहां से दे पाएंगे। यदि वे अंदर हो जाएंगे तो उनके बाल-बच्चों का क्या होगा? इसे लेकर विरोध जताते हुए उन्होने हड़ताल किया है। सोमवार को हड़ताल में बैठने वालो में ड्राइवर संघ के अध्यक्ष गोलू यादव सहित उपाध्यक्ष चोवाराम साहू, सचिव अप्पु सोनी, शंकर सिन्हा, कोषाध्यक्ष हुलास साहू, संरक्षक सलाहकार पप्पी खान, राजू साहू, गोलू साहू, कुलेश्वर नवरंगे,उत्तम मानिकपूरी, लक्ष्मण साहू, सहित अन्य सदस्य शामिल थे।

## अवैध परिवहन पर प्रशासन सख्त, 36 सौ बोरा धान जब्त

**गरियाबंद।** जिले में अवैध धान परिवहन पर निरंतर कड़ी कारवाही की जा रही है। देवभोग अनुविभाग के एसडीएम अर्पिता पाठक ने बताया कि देवभोग अनुविभाग के अंतर्गत 15 अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट बनाए गए है। जहां चौबीस घंटे सातों दिन अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर कार्यवाही की जा रही है। साथ ही अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा लगातार गश्त भी की जा रही है। उपार्जन अवधि के दौरान ओड़शिा प्रांत से जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में विक्रय के लिए आने वाले अवैध धान की परिवहन पर लगातार नजर रखकर कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत देवभोग अनुविभाग में अब तक 3600 से अधिक धान पैकेट जब्त कर कार्यवाही की गई है। इस कड़ी में विगत दिवस दो वाहन जब्ती की कारवाही की गई। जिसमे सेंधमुडा में वाहन क्रमांक सीजी 23 एफ-3869 में 60 पैकेट एवं मगररोड में वाहन क्रमांक सीजी 13 एलए 3184 में 120 पैकेट धान के अवैध परिवहन करने पाए जाने पर जब्त कर कार्यवाही की गई।

इसी प्रकार मैनपुर एसडीएम श्री हितेश पिस्दा ने बताया कि विगत शाम मैनपुर अनुविभाग के अंतर्गत बिरीघाट चेकपोस्ट पर वाहन क्रमांक सीजी 23 के 4975 पर 300 पैकेट अवैध धन परिवहन करते पाए जाने पर जब्ती की कारवाही की गई है।

## बच्चों ने सीखा माहुल पत्ते से दोना बनाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



शासन द्वारा प्रत्येक शनिवार को बैगलेश डे के तहत बच्चों को उस दिन किताबी ज्ञान को छोड़ कर खेलकूद और अन्य शिक्षा दिया जाता है। इसी कड़ी में शासकीय प्राथमिक विद्यालय शुक्लाभाठा संकुल गोना विकासखंड मैनपुर के शिक्षक राम रतन नेताम और सन्तोष कुमार तारक बच्चों को नव वर्ष के स्वागत में स्कूल के कुछ दूर नदी किनारे शैक्षिक भ्रमण पर ले गए। जहां बच्चों के खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इसी बीच शिक्षकों ने बच्चों को सियारी पान और माहुल पान से परिचय कराते हुए उसका उपयोग पूछा तो बच्चों ने सियारी पान का उपयोग बड़ी आसानी से बताया लेकिन माहुल पान के उपयोग नहीं बता पाए तो शिक्षक पहले स्वयं उस पान से पत्तल बनाकर दिखाया फिर सभी बच्चो ने माहुल पान से पत्तल बनाना सीख गए। आज भी विभिन्न कार्यक्रमों ग्रामीण सियारी पान का उपयोग खाना खाने में करते हैं, खाना खाने में माहुल पान के पत्तल का भी उपयोग किया जा सकता है। साथ ही इस पान के पत्तल बनाकर कुछ धन भी प्राप्त किया जा सकता है।

### छुईहा व धुरसा में केंद्र व राज्य की योजनाओं को लोगों ने जाना

# जरूरतमंदों को लाभ दिलाना संकल्प यात्रा का उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार को छुईहा व धुरसा पहुंची। जिसमें राजिम विधायक रोहित साहू शामिल हुए। इस दौरान विधायक ने कहा की ये भाजपा की सरकार है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार परिवार के सदस्य की तरह आपकी चिंता कम करने का काम कर रही है। विधायक ने आगे कहा जब चुनाव प्रचार के समय गांव गांव दाई बहनी दीदी से मिलता तब वो कहती थी की बोनस, राशन कार्ड, उज्जवला योजना आयुष्मान कार्ड, 21 क्विटल 31 सौ की बात कर है। क्या आप चुनाव के बाद आयेगें। तब मैं कहां था परिणाम की चिंता नहीं, आप के बीच में फिर आते रहूंगा। उन्होंने छूईहा और धुरसा के भाई बहन ने अधिक मत दिये है। आप को तहे दिल से नमन करता हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ दिलाना ही विकसित भारत संकल्प



यात्रा का उद्देश्य है। ये भाजपा की मोदी की गारंटी की सरकार है, घर परिवार की तरह हर व्यक्ति हर घर के पात्र को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलान संकल्पित है।

### केंद्र की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने का प्रयास : सरपंच

सरपंच एंव भाजपा के वरिष्ठ नेता गजेश्वर सिन्हा छुईहा ने कहा विकसित भारत की संकल्पना के साथ रथ आयें है, इसमें केन्द्र एंव राज्य की गरीब लोगों के लिए जितनी भी सेवाएं उपलब्ध है जैसे कृषि, स्वास्थ्य, आधार सहित अन्य सेवाएं उनके द्वार तक शत-प्रतिशत पहुंचाने का अभिनव प्रयास किया जा रहा है। यह रथ प्रत्येक ग्राम पंचायत में जायेगी जहां 17 से अधिक प्रकार की विभागीय सेवाओं का स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी के साथ सेवा प्रदान की जाएगी।सरपंच ने सभी लोगों को योजनाओं का लाभ लेने हेतु अपील की।इस दौरान जनपद सदस्य धानबाई, सरपंच सिर्रीखुर्द टिकेश साहू,विजय कंडरा, रामाधार साहू, मोती निषाद, गजेन्द निषाद, पुरन साहू , सरपंच परसदाकला मिथलेश साहू, मोती राम तारक, रामनारायण सिन्हा, राम लाल ध्रव, कृपाल सिन्हा,परदेशी सिन्हा, सरस्वती, देवी ध्रुव, नीलेश्वरी गंधर्व व हितग्राही उपस्थित थे।

हरिभूमि

पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप

### आज विधायक के अभार कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ता होंगे शामिल

**छुईहा बेलर।** राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं एवं मतदाताओं को आभार व्यक्त करेंगें। विधायक के करीबी क्षेत्र के भाजपा नेता विजय कंडरा सिर्रीखुर्द, रामाधार साहू सेंदर,टिकेश साहू, गजेन्द्र निषाद मोती निषाद बिजली, गजेश्वर सिन्हा छुईहा, किर्तन पटेल चरौदा महेश साहू, परमेश्वर गंधर्व जमाही ने कहा क्षेत्र के सभी गांवों से भाजपा कार्यकर्ता आभार रैली में मंगलवार को राजिम में शामिल होंगें।

### स्पर्धा से बच्चों में दबी प्रतिभाओं को निखरने का अवसर मिलता है : ध्रुव



**मैनपुर।** ग्राम नाहनबिरी में 31 दिसम्बर की रात रंगारंग सांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ बिन्द्रानवागढ विधायक जनक ध्रुव ने पुजा अर्चना कर किया। इस दौरान ग्रामीणों के मांग पर जनक ध्रुव ने 01 लाख रूपये रंगमंच निर्माण के लिए देने की घोषणा किया। साथ ही उन्होने कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन से स्थानीय प्रतिभाओं को सामने आने का अवसर मिलता है। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष खेदूराम नेगी, पूर्व सरपंच ईश्वर नागेश, भाठीगढ के सरपंच जिलेन्द्र नेगी, दामोदर नेगी, हरिश्चन्द्र नेगी, संजय त्रिवेदी, रामसिंह नागेश, भानू पटेल, ईतवारी सहित बडी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## निधन

### रेवती बाई पटेल



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय से लगे ग्राम पंचायत हरदीभाठा पटेलपारा के वरिष्ठ नागरिक श्रीमती रेवती बाई पटेल उम्र लगभग 97 वर्ष का सोमवार सुबह 4 बजे निधन हो गया। उनकी दो दिन से तबीयत खराब थी। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में हरदीभाठा व आसपास ग्रामवासी उपस्थित थे।

### पेट्रोल पंपों में डीजल और पेट्रोल लेने के लिए लोगों की लगी रही भीड़

# चालक संघ की हड़ताल का असर, पेट्रोल पंपों में लगी भीड़, बसों के पहिये थमे रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



केंद्र सरकार के नए हिट एंड रन कानून के खिलाफ देश भर में ट्रांसपोर्टर और ट्रक ड्राइवर संघ हड़ताल पर चले गए हैं। हड़ताल का असर लोगों के दिनचर्या पर पड़ रहा है। ट्रक ड्राइवर के हड़ताल के चलते पेट्रोल और डीजल की किल्लत शुरू हो गई है। पेट्रोल पंपों में लोगों की भीड़ बढ़ गई है। इसके चलते कई जगहों पर स्टॉक खत्म हो गया है। नए साल के पहले ही कई पेट्रोल पंपों में स्टॉक खत्म हो गए हैं। रविवार दोपहर से ही क्षेत्र में विभिन्न पेट्रोल पंपों में डीजल और पेट्रोल लेने के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। वहीं कई लोगों ने तो गैलन, डिब्बे व ड्रम में पेट्रोल भराकर चले गए। जैसे ही लोगों को पता चला कि चालकों की हड़ताल है। वैसे ही वाहन चालकों की भीड़ पेट्रोल पंप में लग गई। भीड़ इतनी ज्यादा थी कि पेट्रोल पम्प पर ही जाम की स्थिति लग गई। भारी भीड़ को देखते हुए पेट्रोल पम्प संचालक द्वारा पेट्रोल की लिमिट बना दी गई। शहर के दम्मानी पेट्रोल पंप में एक बाइक में 100 रूपए तक ही पेट्रोल दिया जा रहा है।

### बसों के संचालन पर भी पड़ सकता है असर

मिली जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह से ही बस ड्रायवरों ने भी हड़ताल का समर्थन करते हुए हड़ताल पर चले गए हैं, जिसके चलते रायपुर, राजिम, आरंग, गरियाबंद, महासमुंद जाने वाली बसों के पहिये थम गए हैं। जिससे यात्रियों को काफ़ी परेशानी हो रही है। फिलहाल अभी राहत मिलने की उम्मीद नहीं है।

### ड्राइवरों की मांग जायज़



**गरियाबंद।** मोदी सरकार के अधिनायकवादी फैसलों के विरोध में ड्राइवरों के हड़ताल पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि मन की बात करना और मनमानी थोपना केंद्र की मोदी सरकार का राजनीतिक चरित्र बन चुका है। निजी बीमा कंपनियों को मुनाफा पहुंचने के लिए जन विरोधी नीति थोपी गई है। वाहन चालक आर्थिक रूप से इतना सक्षम नहीं होते हैं, की 10 लाख रुपए का जुर्माना पटा सके गरीब ड्राइवर पर दोहरी मार केंद्र की मोदी सरकार के फैसले से पड़ने वाली है एक तरफ भारी भरकम जुर्माना, दूसरी तरफ 7 साल जेल की सजा ऐसे में जब परिवार का कमाने वाला मुखिया एक ड्राइवर 7 साल के लिए जेल चला जाएगा तो उसके परिजनों का क्या होगा? ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हाफीज खान ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी और केंद्र के मोदी सरकार लोकतंत्र को खत्म करने अमादा है।

## गुरु घासीदास बाबा के बताये मार्ग पर चलकर मनुष्य का जीवन हो सकता है सफल



**नवापारा-राजिम।** शीतलापारा वार्ड क्र- 20-21 में सतनामी समाज के तत्वाधान में सतनाम धर्म के पथ प्रदर्शक संत परम पूज्य गुरू घासीदास जी का 267 वी जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सामाजिकजनों द्वारा शाम 4 बजे पालो चढ़ाने व गद्दी पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें समाज के सभी बड़े बुजुर्ग, महिला पुरुष, बच्चे पंथी नर्तक दल के साथ सतनाम धर्मशाला से बाबा की गद्दी व पालो को लेकर मुख्य मंदिर तक लाये और पालो चढ़ाया गया। शाम 6 बजे मंचीय कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पालिका अध्यक्ष धनराज मध्यानी प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पालिका उपाध्यक्ष चतुर सिंह जगत, परिक्षेत्र सतनामी समाज अध्यक्ष राधाकृष्ण टंडन ने की। इस दौरान धनराज मध्यानी ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भूमि संत महात्माओ की भूमि है। संत गुरु घासीदास बाबा ने सत्य की महिमा को जन जन-तक पहुंचाया, लोगो को छुआछूत, जाति-पाति, भेदभाव व बाह्य आडम्बर को लेकर जागृत किया था।

प्रदेश अध्यक्ष गुरु घासीदास साहित्य अकादमी धनेश्वरी डांडे ने सामाजिक एकता पर बल देते हुए सभी को बाबा के बताये मार्ग का अनुशरण करने का संदेश दिया। उन्होंने गुरु घासी दास बाबा की महिमा सहित समाज की ताकत को सबके समक्ष रखा। इस अवसर पर मंदिर में जीर्णोद्धार हेतु समाज की ओर से पालिका अध्यक्ष धनराज मध्यानी को मांग पत्र सौंपा गया। कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों का शाल व श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। इस दौरान सत्यप्रकाश बघेल, कामिनी बघेल, पूर्णिमा लहरे, दिव्या हिरवानी, चुम्मन हिरवानी, गणेश हिरवानी, अश्वनी हिरवानी, कन्हैया बंजारे, रुपलाल बघेल, श्रीराम बंजारे, सतीश टंडन, ललित टंडन, दिनेश सोनवानी, रमेश बर्मन, मोनू सहित अन्य समाजिकजनो का सराहनीय योगदान रहा।

## श्री शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का समापन



**रायपुर।** संतोषी नगर तरुण बाजार 22 दिसंबर से 30 दिसंबर तक श्री शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया। प्रवचनकर्ता कोपरा वाले हर हलधरनाथ जोगी पुजारी थे। अंतिम दिवस गीता पाठ, हवन पूर्ण आहूति ,कपिलातर्पण एवं भोजन भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्रीय श्रद्धालु हजारों की संख्या में उपस्थित होकर लाभ प्राप्त किया।

# ग्राम उल्बा में महिला भवन का सांसद सोनी ने किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर





जनपद पंचायत अभनपुर के ग्राम उल्बा में सांसद मद से 4 लाख की लागत से निर्मित महिला भवन का लोकार्पण सांसद सुनील सोनी द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक इन्द्रकुमार साहू, पूर्व जिपं. अध्यक्ष अशोक बजाज विशेष अतिथि के रूप मे उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सांसद सुनील कुमार सोनी ने ग्रामवासियो को संबोधित करते कहा कि इस महिला भवन मे गांव की महिलाये बैठकर सामाजिक गतिविधियो को सफल बनाकर विकास का मार्ग प्रशस्त करेगी व महिला सशक्तिकरण को एक नई दिशा मिलेगी। विधायक इन्द्रकुमार साहू ने ग्राम वासियो को नववर्ष की बधाई देते कहा कि हमारे मुखिया विष्णुदेव साय के नेतृत्व मे गांव गांव जनचौपाल लगाकर विकास की दिशा मे कार्य किया जायेगा जिस आशा विश्वास के साथ हमे यह जिम्मेदारी आप सभी के द्वारा दी गई है उस विश्वास को टूटने नही दूंगा। पंचायत एवं समूह के महिलाओ द्वारा अतिथियों को प्रतीक चिन्ह प्रेषित कर आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष पारसमणी साहू, सूरज साहू, नेहरू लाल साहू,माधव प्रसाद मिरी, कृष्णकांत नामदेव, सरपंच रानी मनोज सोनवानी, सचिव कन्हैया लाल कुर्रे ,पुष्पा देवी साहू, नरेंद्र साहू, अंबिका कोसले,गोविंद राम साहू, डॉ मनीष साहू, अनिल साहू, लोकनाथ साहू, कल्याण ध्रुव, रामजी तारक , किरण यादव , देवधर साहू, सुरेश सपहा,चैतराम पाल, कन्हैया शर्मा, यशवंत साहू,अहिल्या ध्रुव, दमयंती साहू ,अनीता पांडे, पुष्पा साहू, कुमारी ध्रुव, उत्तर ओझा, रुखमणी यादव, नारद साहू, डेरहीन तारक, संगीता यादव, डेमन तारक व मंडल पदाधिकारी सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।



प्रस्तुति-श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

### भेण्डरी में रोज एक क्विंटल तक बेस्ट क्वालिटी के मशरूम का कर रहे पैदावार

# दिव्यांग चोवा को बीएससी के बाद भी नहीं मिली नौकरी तो, मशरूम की खेती से बदली किस्मत

श्यामकिशोर शर्मा ▸▸ राजिम





आज के युवा पढ़-लिखकर जब कॉलेज से निकलता है तो उनकी सोच सिर्फ सरकारी नौकरी तक सीमित रह जाती है। सरकारी नौकरी में जाने की चाहत रखते हुए अपने कीमती समय को बर्बाद कर देते है और जब उम्र की सीमा लांघ जाती है तो वे अपने आप में निराश हो जाते है। ऐसे युवा ये नही सोचते कि सरकारी नौकरी के अलावा भी वे कुछ और भी कर सकते है। अपने जीवन में बदलाव की तमन्ना तो रखते है पर उन्हें दिशा देने वाले नजर नही आते। नए साल की नई उमंग के सूर्य के पहली किरण की तरह बदलाव के लिए स्वयं को न केवल ढालना पड़ेगा बल्कि मेहनत करके वे अपने जीवन में बदलाव भी ला सकते है। हम बात कर रहे है भेण्डरी गांव के उस दिव्यांग 33 वर्ष के चोवाराम साहू की जिन्होने नवापारा के कालेज से 2014 में बीएससी की पढ़ाई बायोटेक्नोलॉजी के साथ पूरी की। ये ऐसा युवक है जिनके पास कॉलेज का न तो फीस भरने के लिए पैसा हुआ करता था और न ही किताब और नोट्स के लिए कोई जुगाड़। क्योंकि ये बहुत गरीब परिवार से आते है। तीन भाईयो में सबसे छोटा यही चोवाराम है। सिर्फ दो एकड़ जमीन। ऐसे में तीन भाईयो का परिवार कैसे चलेगा? ऊपर से पैर की लाचारी सो अलग फिर भी हिम्मत नही हारा। पढ़ाई पूरी करने के बाद लगातार तीन साल तक ये भी आज के युवाओं की तरह सरकारी नौकरी की लालसा में लगा रहा परंतु असफल रहा।

**हिमाचल के सोलन में ली ट्रेनिंग :** इस दौर में चोवाराम के मन में उन्नतशील खेती करने की आशा जगी परंतु आड़े आया मात्र दो एकड़ जमीन वो भी तीन भाईयो के बटवारे में पौन एकड़ से कम का हिस्सा आएगा। बताते चले कि बायोटेक्नोलाजी पढ़ाई के दौरान इनका इंट्रेस्ट मशरूम की खेती को लेकर जिज्ञासा तो था ही सो कैसे भी करके वे हिमाचल के सोलन पहुंच गए। यहां एक साल रहा। ट्रेनिंग पूरा किया। ट्रेनिंग के दौरान मशरूम की उत्पादन के बारीकियों को समझा और लौट आया अपने गांव।

**12 महिलाओं को दिया रोजगार**

फिर 2018 में राजीव लोचन किसान उत्पादन संगठन से जुड़ा। डेड़ साल तक जी भरकर मेहनत किया और धीरे-धीरे अपने आय के स्रोत को बढ़ाने के लिए आगे बढ़ा। अंततः 15 जुलाई 2023 से इनके जीवन में बदलाव आ ही गया जो ये चाहता था। भेण्डरी में रोज 50 किलो से एक क्विंटल तक बेस्ट क्वालिटी का मशरूम पैदा कर रहा है। इन पांच महिनो में अब तक न केवल तीन टन से अधिक मशरूम बेच चुका है बल्कि अपने साथ 12 महिला श्रमिको को रोजगार भी दिया है। इन महिला श्रमिको के लिए 54 हजार रूपए महिना तो कमाता ही है। अपने लिए भी 20 हजार रूपए से अधिक बचा लेता है। आज ये छोटा सा किसान जो ठीक से चल नही सकता,लाठी के सहारे चलता है। अपने परिवार को पालने-पोषने में सक्षम हो गया है। दो छोटे बच्चे है जिन्हे यह खूब पढ़ाना चाहता है। दिव्यांग चोवाराम आत्मनिर्भर होकर उन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत के रूप में सामने है जो सरकारी नौकरी के पीछे आज भी भागते फिर रहे है। मालूम होना चाहिए कि मशरूम में विटामिन डी-12 पाया जाता है जिसमें मांसाहारी भोजन की तरह पोषक तत्व मिलता है। हालांकि मशरूम मांसाहारी में नहीं आता।

# गुरु घासीदास की मनाई गई 268 वीं जयंती



हरिभूमि न्यूज ▸▸ पाण्डुका

क्षेत्र की बड़ी ग्राम पंचायत पाण्डुका में रविवार को संत गुरुघासी दास बाबा की जयंती मनाई गई। ग्रामीण अंचलों में अठारह दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक सतनामी समाज द्वारा जयंती मनाई जा रही है। इसी के साथ समापन हुआ। इसमें सतनामी समाज के लोगों द्वारा अपने काम बन्द कर जय स्तम्भ चौक में कार्यक्रम में लगे रहे। बाबा गुरु घासीदास की जयंती सतनामी पारा में मनाई गई। समाज के लोगों द्वारा पंथी नृत्य सत्य के संदेश पंथी पार्टी कुंडेल द्वारा ध्वजारोहण कर कार्यक्रम दिया गया। पाण्डुका क्षेत्र सहित कई जगहों पर तीन दिवसीय पंथी नृत्य का आयोजन किया गया था। इस मौके मुख्य अतिथि के रूप में लक्ष्मी अरुण साहू जिला पंचायत सदस्य, अध्यक्षता दुजेश्वर ठाकुर सरपंच ग्राम पंचायत पाण्डुका, मुख्य रूप मौजूद रहे।

सतनामी समाज के बलदेव, वेदप्रकाश, जितेंद्र घोघरे, अरुण कुर्रे, भागचंद, दीपक, बजारू मारकंडे, संतोष, गुलजारी, जयराम, पवन, विष्णु, कृष्णु, ईश्वर, करण कोसरिया, मदन, बलि राम, चम्पू, मोहन महिलांगे आदि समाज के लोगों को विशेष सहयोग रहा।

# पदोन्नति संशोधन से पीड़ित शिक्षकों को संशोधित शाला में मिलेगी पदस्थापना



**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश सहसचिव विनोद सिन्हा ने बताया की संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा के नेतृत्व में शिक्षक एलबी संवर्ग की मांगों को लेकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से टीचर्स एसोसिएशन ने मुलाकत कर मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

सौंपे गए ज्ञापन में मांग की है कि शिक्षा कर्मी के पद पर प्रथम नियुक्ति के आधार पर पुरानी पेंशन के लिए कुल सेवा अवधि की गणना किया जाए। पेंशन निर्धारण हेतु अर्हकारी सेवा 33 वर्ष के स्थान पर केंद्र सरकार की तरह 20 वर्ष किया जाए। सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति को दूर किया जाए। पूर्व सेवा अवधि के आधार पर क्रमोन्नति वेतनमान दिया जाए। प्रधान पाठक प्राथमिक शाला, शिक्षक, प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक शाला,व्याख्याता, प्राचार्य के पदों पर पदोन्नति दी जाए। केंद्र सरकार द्वारा देय तिथि जुलाई 2023 से लंबित 4 प्रतिशत मंहगाई भत्ता प्रदान किया जाए। पदोन्नति संशोधन पश्चात सहायक शिक्षकों द्वारा शिक्षक व प्रधानपाठक के पद पर कार्यभार करते हुए सेवाएं दी गई थी, उक्त अवधि में उन्हें संशोधित शाला से कई माह का वेतन भुगतान भी किया गया है। वर्तमान में ऐसे पीड़ति शिक्षकों को विगत 4 माह से वेतन भुगतान नही हुआ है। पदोन्नति संशोधित शाला में स्थायी पदस्थापना का लिखित आदेश जारी करते हुए विगत 4 माह के वेतन भुगतान किया जाए। शिक्षामंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि पदोन्नति संशोधन पीड़ति शिक्षकों को सोमवार को शाला में ज्वाइनिंग कराया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा,प्रदेश संयोजक सुधीर प्रधान,प्रदेश पदाधिकारी सपना दुबे, गरियाबंद जिलाध्यक्ष परमेश्वर निर्मलकर सहित अन्य शामिल थे।






## खबर संक्षेप

### संत कवि पवन दीवान की मनाई गई जयंती



**मैनपुर।** नगर में सोमवार को संत कवि पवन दीवान के जयंती के अवसर पर सदभावना मंच द्वारा हमर मैनपुर चौक में एक कार्यक्रम आयोजित कर संत कवि पवन दीवान के छायाचित्र की पुजा अर्चना कर उन्हे नमन किया गया। इस मौके पर पूर्व सरपंच नोकेलाल ध्रुव ने संत कवि पवन दीवान को श्रध्दाजंली अर्पित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ राज्य निर्माण आंदोलन में उन्होने महत्वपूर्ण भूमि निभाई और हमेंशा छत्तीसगढ की प्रगति के लिए कार्य करते रहे। उनके कविता लोगों को मंत्रमुग्ध कर देता था। उनके भाषणों में माटी की सौंधी महसूस होती थी। जिससे आम जन मानस उनसे सहज रूप से जुट जाता था। पत्रकार शेख हसन खान ने कहा कि संत कवि पवन दीवान सांसद के रूप में हमेंशा मैनपुर क्षेत्र के वनांचल क्षेत्रे का दौरा करते थे उन्हे इस वनांचल क्षेत्र से काफी लगाव था। इस मौके पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, त्रिभुवन पटेल, महामंत्री गेंदु यादव, विरेन्द्र श्रीवास्तव, नंदकिशोर पटेल, वरूण पटेल, सौरभ पटेल, राजेन्द्र साहू, मनीश पटेल, आशीश कुमार सहित बडी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

### युवा साहित्यकार थानूराम कलम दूत से सम्मानित



**फिंगेश्वर।** तहसील कार्यालय से महज 6 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत खुटेरी विकासखंड फिंगेश्वर दो दिवसीय राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के अवसर पर नगर के युवा साहित्यकार थानूराम निषाद फिंगेश्वर को साहित्य एवं मंच संचालन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए स्व.श्री सनत कुमार नगारची स्मृति में कलम दूत सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान मुख्य अतिथि राहुल सेन कोषाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी जिला गरियाबंद,मनीष हरित भारतीय किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष के हाथों सम्मानित किया गया।
इस उपलब्धि पर भुनेश्वर निषाद जिलाध्यक्ष निषाद समाज जिला गरियाबंद ,मोती राम निषाद जिला उपाध्यक्ष,दानसिंग निषाद पूर्व जिलाध्यक्ष निषाद समाज, गजेन्द्र निषाद प्रदेश सदस्य राकेश पाण्डेय प्रधानपाठक, भारत यादव, डैलेन्द्र साहू,ओमप्रकाश साहू,चम्पेश्वर साहू, होमेश साहू ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# सागर से पहुंचे लोहार परिवार ठंड से बेहाल, अलाव का सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

सागर से कृषि औजार का निर्माण करने हर वर्ष गरियांबद जिले के मैनपुर,देवभोग एंव अन्य विकासखण्डों में पहुंचने वाले लोहार परिवार की मेहनत को देखकर लोग दांतो तले उंगली दबाने मजबूर हो जाते है, जीतोड़ मेहनत कर लोहे को आग में गर्म कर घन से पीट पीटकर औजार का निर्माण करते है।

इस कार्य में महिलाए भी पीछे नहीं है।

## मैनपुर, देवभोग, नगरी सहित जिले में हर वर्ष पहुंचते हैं, कृषि औजार बनाने



### जनपद अध्यक्ष ने दिए गर्म कपड़े

कडाके के इस ठंड में जब लोग घरों के भीतर ठंड से परेशान है। ऐसे में ये कृषि औजार बनाने वाले लोहार परिवार के लोग खुले आसमान के नीचे छोटे - छोटे बच्चों को लेकर तिरपाल और अलाव के सहारे रात गुजारने मजबूर हो है। पिछले दिनों जनपद पंचायत देवभोग के अध्यक्ष श्रीमती नेहा सिंघल ने इन लोहार परिवारों से मुलाकात कर उन्हे साल, कंबल और गर्म कपड़े वितरण किया था। लोहार परिवार जो देवभोग में कार्य करने पहुंचे हैं, उन्होने बताया कि पिछले समय जब कोरोना था उस समय भी देवभोग के जनपद अध्यक्ष नेहा सिंघल दीदी ने उन्हे यहां से सागर तक सुरक्षित भेजने में मदद् किया कि थी।



बकायदा परिवार को चलाने के लिए पुरूषों से कंधे से कंधा मिलाकर महिलाएं काफी वजनी लोहे के घन चलाते देखकर लोग अचंभित हो जाते है और इनके कार्यों को देखने लोगों की भीड लगी रहती है। यह परिवार पिछले लगभग 30 वर्षो से क्षेत्र में हर वर्ष लोहे के कृषि औजार कुल्हाडी, बसूला, हसिया, कुदाली, रापा बनाकर बेचने का कार्य करते है और उससे जो आय होती है, उससे जीविकाउपर्जान करते हैं।





## डीजे की धून में थिरके युवा, रात 12 बजते ही आतिशबाजियो से गूंज उठा क्षेत्र

# नया साल का जश्न मनाने क्षेत्र के पर्यटन स्थलों में उमड़ा पर्यटकों का जन सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

नया साल 2024 की स्वागत में पूरे प्रदेश भर से बड़ी संख्या में पर्यटक आज सोमवार को गरियाबंद जिले के उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के पर्यटन स्थलो में पहुंचे परिवार के साथ पहुंचे। लोगो ने दिनभर नदी नालो पहाड़, जंगलो में जगह –जगह भोजन बनाकर जहां पिकनिक का आनंद लिए। तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 32 किमी दूर क्षेत्र के सिकासार जलाशय में 31 दिसम्बर को शाम से ही पर्यटको की भीड़ लग गई थी और यहां रात में ही तरह –तरह के फिल्मी गानो में युवक थिरकते रहे तो आज सुबह से देर शाम समाचार लिखे जाने तक हजारों की संख्या में पर्यटको का आना - जाना लगा हुआ है। सिकासार जलाशय में रायपुर, महासमुंद, दुर्ग, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, जगदलपुर, धमतरी, कांकेर बड़े शहरो से बड़ी संख्या में पर्यटक हर वर्श नया वर्श मनाने पहुंचे है बड़े अफसरो से लेकर बड़े जनप्रतिनिधि विधायक, सांसद भी यहां आते है वही मैनपुर से 22 किमी दूर उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के सोंढूर जलाशय में भी आज बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचे थे। नौका विहार करने के लिए पर्यटको घंटो इंतिजार करना पड़ा। क्षेत्र के जलाशयों में सिर्फ यही नौका विहार की सुविधाएं है वही देवदहरा जलप्रपात, तौरेंगा विश्राम गृह, उदंती अभ्यारण्य, ईको सेंटर, गोड़ेनाफाल में भी बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचे और नये वर्श में जमकर परिवार के साथ खुशिया मनाये।





### डीजे की धुन में युवा जमकर थिरके

नये वर्श के स्वागत में 31 दिसम्बर को नगर सहित क्षेत्र के कई ग्रामो में गांव गांव युवाओं की टोली डीजे के धुन में जमकर खुशिया मनाते दिखे और रात 12 बजते ही नया साल के स्वागत में जमकर आतिशबाजी किया गया पटाखे फोड़े गये।

### पुलिस के जवान करते रहे गश्त

नया वर्ष के चलते मैनपुर थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा के नेतृत्व में पुलिस के बल 31 दिसम्बर को ही क्षेत्र में सक्रिय हो गये थे। रात में नगर सहित क्षेत्र में पुलिस के जवान गस्त करते रहे क्षेत्र मे शांति व्यवस्था बनाये रखने पुलिस प्रशासन मुस्तैद रही। आज दिनभर पुलिस प्रशासन क्षेत्र मे शांति व्यवस्था बनाये रखने गस्त करते रहे।

## नववर्ष पर शिवालयों में पूजा करने पहुंचे श्रद्धालु

**छुरा।** नव वर्ष के स्वागत के लिए लोग आसपास के मंदिरों एवं बांध में पहुंचकर पिकनिक मना कर पूजा कर नव वर्ष का शुभारंभ किया गया। 1 जनवरी सोमवार होने की वजह से शिवालय में सुबह से ही महिला पुरुष के कतार लगी रही। नगर के महादेव घाट के शिवालाय में सुबह 7:00 से लोग पहुंच कर दर्शन किए। लोगों ने एक लोटा जल, दुग्ध, पंचामृत बेलपत्र अर्पित कर नव वर्ष की शुभकामना का आशीर्वाद लिया एवं दोपहर भोजन भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें खीर पूरी, दाल चावल का प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के नीलकंठ ठाकुर ने महादेव घाट पहुंचकर लोगों को नव वर्ष की शुभकामना दी एवं भोजन ग्रहण किया। सरपंच प्यारे दीवान ने भी सुबह बजरंगबली में पूजा की।



# रोहिना में अक्षत कलश का हुआ भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

गांव के लोगों द्वारा सोमवार को भव्य बाइक रैली निकाल कर जय जय श्री राम के नारा लगाते हुए अक्षत कलश गांव में लाया गया। जिसका स्वागत आतिशबाजी कर, बैंड बाजा के साथ महिलाओं द्वारा पुष्प वर्षा कर किया गया।

स्वागत के बाद गांव में बालिकाओं, जनजागरण नवयुवक समिति एवं रामधुनी मण्डली के सहयोग से भव्य कलश यात्रा निकाल कर भ्रमण कराया गया। जिसका स्वागत पूजा अर्चना प्रत्येक घरों में किया गया। कलश को श्री राम जानकी मंदिर में स्थापित कर विशेष आरती करने के बाद महिलाओं की रामधुनी का सुंदर आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य रूप से बंशी साहू, योगलाल साहू, गनपत साहू, गोविन्द यादव, मोतीलाल सेन, संतराम साहू, हीरालाल साहू, लिलेश साहू, टोकेश साहू, डिगेंद्र साहू, खिलेश साहू, यशवंत साहू, भागवत साहू, खिलेश विश्वकर्मा, कौशिक साहू, कार्तिक साहू, हामेश्वर यादव, चंद्रभान टंडन, झगेश साहू उपस्थित रहे।

## लक्ष्मी ने प्रसूता महिला के लिए किया रक्तदान

**मुडागांव (कोरासी)।** आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र गरियाबंद जिले की बात करें तो रक्तदान के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ में एक अलग ही नाम बना चुका है। जिले में जरुरतमंद मरीजों की जानकारी होते ही रक्तदान के लिए जिलावासी हमेशा तत्पर रहते हैं। छत्तीसगढ़ शाकंभरी सेवा संस्था के द्वारा भी लगातार गांव-गांव जाकर लोगों को रक्तदान के लिए जागरुक भी कर रहे हैं। जिसका परिणाम देखने को मिल रहा है कि महिलाएं भी रक्तदान के लिए आगे आने लगे हैं। संस्थापक एवं रेडक्रास सोसायटी के संरक्षक सदस्य मनोज पटेल बताते हैं कि ग्राम पंचायत जरगांव के आश्रित



ग्राम रवेली की लक्ष्मी बाई यादव ने छत्तीसगढ़ श्री संकल्प हॉस्पिटल छुरा में भर्ती प्रसुति मरीज डिगेश्वरी ध्रुव ग्राम केरगांव के लिए रक्तदान कर महिलाओं को जागरूक किया। इस नेक कार्य के लिए संस्था की ओर से उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई।

# राज्य स्तरीय कबड्डी में प्रतियोगिता में तर्रा प्रथम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

ग्राम खुटेरी में राज्य स्तरीय दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का समापन सोमवार को हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला कोषाध्यक्ष राहुल सेन शामिल हुए। इस दौरान राहुल सेन ने कहा कि लगातार तीसरे वर्ष का आयोजन अन्य गांव के युवाओं के लिए अनुकरणीय है। यहां के हैप्पी नवयुवक क्लब के नवयुवक सामाजिक सांस्कृतिक धार्मिक और खेल आदि गतिविधियों में जिस तरह नवाचार कर रहे है हमारे ग्राम और राष्ट्र के विकास के लिए नीव। कबड्डी प्रतियोगिता में स्टूडेंट क्लब तर्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही उपविजेता के रूप में मुड़तराई ए की टीम ने दूसरा स्थान बनाया। तमोरा की टीम तृतीय व पथर्री ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया मुड़तराई बी ने पांचवा स्थान व छठे स्थान पर रवेली ने कब्जा किया पाटसिवनी और चारभांठा कि टीम ने क्रमशः सातवा आठवा स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही बेस्ट रेडर का खिताब डागेश्वर बेस्ट डिफेंडर दिवाकर बेस्ट ऑल राउंडर आकाश के साथ बेस्ट दर्शक के रूप में चम्पा ध्रुव को सम्मानित किया गया। सभी विजेता टीमो को अतिथियों के द्वारा इनाम राशि व ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान भाजपा जिला किसान मोर्चा के अध्यक्ष मनीष हरित ने भी युवा को वायु का पर्याय बताते हुए सम्बोधित किया।विशिष्ट अतिथि के रूप में समापन समारोह में ओमकार साहू ,गजेंद्र निषाद ,नारायण साहू ,गयाराम सेन ,रिखी ध्रुव ,चिंताराम साहू ,ढेलूराम निषाद ,दयाराम यादव ,देवचरण साहू , गणमान्य वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

## सिर्रीखुर्द के स्कूल में पहुंचे अनिल ध्रुव

**गरियाबंद।** शीतकालीन अवकाश समाप्त होते ही स्कूल खुलने के प्रथम दिवस सोमवार को प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द में पहुंचे। इस दौरान सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी अनिल ध्रुव ने बताया कि प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द की कुल दर्ज संख्या 59 है। जिसमें 58 बच्चे उपस्थित मिले। जिन्हे मध्यान्ह भोजन में खीर, पुड़ी, दाल, बंद गोभी, पापड़ परोसा गया। शाला में एक प्रधान पाठक के साथ दो सहायक शिक्षक पदस्थ हैं। जिसमें प्रधान पाठक जगन्नाथ ध्रुव सहायक शिक्षक खोमन सिन्हा घनश्याम कंवर तीनों कक्षा में अध्यापन कराते उपस्थित मिले। शिक्षकों द्वारा दैनंदनी संधारित किया जा रहा है। जाति प्रमाण पत्र सभी बच्चों का बन चुका है सभी कक्षाओं में पढ़ाई कक्षा अनुरूप किया जा रहा है। कक्षा पांचवी के बच्चों को एक घंटा अलग से नवोदय परीक्षा के लिए पढ़ाई कराया जा रहा है।



# युवा पीढ़ी को आगे आकर देश का संचालन करना है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुडागांव(कोरासी)

ग्राम लोहझर खट्टी में राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन नव वर्ष के आगमन पर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विधायक रोहित साहू शामिल हुए। वहीं स्थानीय कलाकार बालिकाओं द्वारा नृत्य प्रस्तुति देकर भव्य उदघाटन किया गया। विधायक ने अपने उद्बबोधन में कहा की युवा पीढ़ी को आगे आकर ऐसे ही देश को संचालन करना है, युवा ही देश के आधार स्तंभ होंगे। प्रतियोगिता में कुल 8 सामूहिक डांस, 7 युगल, 12 एकल डांस लगभग 30 टीमों ने अपने कला का जलवा लोहझर के मंच पर बिखेरे। सामूहिक विधा में प्रथम विजेता भोला डांस ग्रुप रायगढ़ रहे। दूसरा स्थान स्वरागिनी डांस ग्रुप रतनपुर, तीसरा स्थान बिरसा मुंडा डांस ग्रुप कोंडागांव रही। युगल विधा में प्रथम पवन हिनारे रहे। सभी प्रतिभागियों को ईनाम राशि और शिल्ड प्रदान किया गया। इस दौरान मंजु ध्रूव सरपंच ग्राम पंचायत लोहझर, राजेश साहू जिला अध्यक्ष अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, सुखबती टान्दे जनपद सदस्य, मनीष हरित किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष, फलेंद्र साहू, भूनेश्वर साहू युवा मोर्चा महामन्त्री, गुलशन सिन्हा युवा मोर्चा अध्यक्ष, ईश्वर साहू अध्यक्ष विद्या मंदीर समिति लोहझर,महिला कमांडो अध्यक्ष मिलापा बाई यादव, केदार साहू, नारद काकडे, खम्मन ठाकुर, विराजमान थे। कार्यक्रम के मंच के मंच संचालक के रूप मे पवन ध्रूव (व्याख्याता) योगश यादव, दुष्यंत यादव उपस्थित थे।

■ लोहझर खट्टी में डीजे डांस स्पर्धा में 30 टीमों ने लिया भाग





# यादव समाज के पदाधिकारियों ने विधायकों का किया सम्मान



**मैनपुर।** सर्व यादव समाज गरियाबंद जिला के मैनपुर कांदाडोंगर, देवभोग, अमलीपदर छुरा, गरियाबंद, फिंगेश्वर क्षेत्र से यादव समाज के लोग रायपुर में आयोजित नवनिर्वाचित यादव विधायकों के सम्मान समारोह में पहुंचकर नवनिर्वाचित विधायक द्वारिकाधीश यादव, रामकुमार यादव, देवेन्द्र यादव, गजेन्द्र यादव, पूर्व सांसद मुधुसुदन यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा यादव, जिला पंचायत सभापति धनमती यादव का सम्मान किया। सर्व यादव समाज जिला महासचिव गेदु यादव ने बताया कि यादव समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के सम्मान समारोह में पुरे गरियाबंद जिले से बड़ी संख्या में यादव समाज के लोग पहुंचे। जहां यादव समाज के विकास और उत्थान के सबंध में चर्चा किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से सर्व यादव समाज के जिलाध्यक्ष केनुराम यादव, कार्यकारणी अध्यक्ष जयमल यादव, जिला महासचिव गेंदु यादव, चारगण अध्यक्ष मस्तुराम बगरती, खामसिंह यादव, सरजु यादव, दयाराम यादव, “यामलाल यादव, महेन्द्र यादव, रामलाल यादव, नारद यादव सहित बडी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## सहस्त्रबाहू जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा

# समाज के कमजोर वर्ग के लोगों का करें सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

कलार समाज परिक्षेत्र द्वारा नगर के सिन्हा समाज भवन में भगवान राज राजेश्वर सहस्त्रबाहु अर्जुन देव की जयंती सोमवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रथम पहर में भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन देव की विधि -विधान से पूजा अर्चना की गई उसके पश्चात नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें समाज के माताओं बहनों ने सर पर कलश रखकर नगर भ्रमण किया। मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के विधायक रोहित साहू शामिल हुए। इस दौरान विधायक ने कहा कि हमें समाज के गरीब भाई -बहनों को भी सहयोग कर उनको मुख्य धारा में जोड़ने की जरूरत है तथा हमें समाज के हर एक कार्यक्रम तथा बैठकों में उपस्थित हो कर समाज को आगे बढ़ाना चाहिए। कार्यक्रम में गत शैक्षणिक सत्र में सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाले दसवीं एवं बारहवी के छात्र- छात्राओं को नगद राशि एवं मोमेंटा तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। अधिकारी कंगालु राम सिन्हा के द्वारा माता बहादुर कलारिन की शौर्य गाथा सुनाई गई तथा उपस्थित अतिथियों ने भी समाज जनो को संबोधित करते हुए संगठित होकर कार्य करने के साथ प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन परिक्षेत्र के सचिव हेमंत सिन्हा तथा निर्वाचन अधिकारी मिथलेश सिन्हा ने किया।



### इनकी रही उपस्थिति

इस दौरान अवधराम सिन्हा जिला अध्यक्ष, राजेश साहू ,पीलूराम यादव, तोकेश्वरी मांझी अध्यक्ष, जनपद पंचायत खोमन चन्द्राकर अध्यक्ष नगर पंचायत, रिंकू सचदेव उपाध्यक्ष नगर पंचायत, वंश गोपाल सिन्हा, चिंता राम सिन्हा, जिला महामंत्री डायमंड सिन्हा, जिला कार्यकारिणी मानसिंह सिन्हा, जिला कार्यकारिणी युवा मंच महेंद्र सिन्हा एवं कुलेश्वर सिन्हा, युवा मंच अध्यक्ष गुलशन सिन्हा, कोषाध्यक्ष उत्तम सिन्हा, सचिव नरेंद्र सिन्हा, संजीव सिन्हा शिक्षा प्रकोष्ठ, महिला मंच अध्यक्ष निर्मला सिन्हा, कोषाध्यक्ष नरबदिया सिन्हा, सचिव कुंती सिन्हा, समाज सेवक श्याम लाल, क्षेत्राधिकारी में कुलेश्वर सिन्हा, बिसाहू राम सिन्हा, प्रीतराम सिन्हा उपस्थित थे।

